# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0/सा0प्र0/6393/2024 दिनांकः 15 मई, 2024

**शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः–उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न भर्तियों की लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक **विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–1 के पत्र संख्याः 656/सत्तर–1–2024, दिनांकः 14 मई, 2024** सपठित **उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के पत्र संख्याः पीआरपीबी–एसओ–3–2023, दिनांकः 30 अप्रैल, 2024 (छायाप्रतियाँ संलग्न)** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न भर्तियों की लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण के क्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों से सम्बन्धित कतिपय सूचनाएँ निर्धारित प्रारूप 'क' पर उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

तत्क्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुक्रम में **अपने–अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित सूचनाओं को अधोलिखित गूगल लिंक के माध्यम से प्रत्येक दशा में 03 दिनों के अन्दर पूरित करने का कष्ट करें, जिससे सूचनाएँ संकलित कर के शासन को प्रेषित की जा सके:–**

गूगल फार्म का लिंकः–

**https://forms.gle/Ho3vcZW844mRvVP69**

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस०एल० पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. माननीय कुलपति जी।
2. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर वि0वि0, बलिया।
4. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

E-mail: upshec@gmail.com,
upsheclko@yahoo.com

Phone : 0522-2287025
Website : www.upshec.com

# उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद,

619, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ – 226001

पत्रांक 214 /रा0उ0शि0प0/53/19T(II)
दिनांक 15 मई, 2024

सेवा में,

कुलसचिव
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यायल
उत्तर प्रदेश।

विषयः– उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न भर्तियों की लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपर पुलिस महानिदेशक/सदस्य सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ के पत्र संख्या–पी आर पी बी : एसओ–3/2023 दिनांक 30.04.2024 एवं शासन के पत्र संख्या–656/सत्तर–1–2024, दिनांक 14 मई, 2024 (प्रति संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे। उक्त पत्र में की गयी अपेक्षानुसार विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय से सम्बद्ध शिक्षण संस्थान द्वारा उपयोग किये जा रहे ऑफलाइन परीक्षा केन्द्रों की सूची व उनकी क्षमता का विवरण संलग्न प्रारूप–क में साफ्ट (MS-EXCEL) एवं हार्ड कापी में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ई–मेल sampark@uppbpd.gov.in एवं उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद की ई–मेल आई0डी0 upshec@gmail.com पर तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(डॉ0 दिनेश कुमार)
अपर सचिव।

पत्रांक– — /रा0उ0शि0प0/ — /— तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन एवं सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद को सदस्य सचिव महोदय के अवगतार्थ।

(डॉ0 दिनेश कुमार)
अपर सचिव।

उ०प्र० राज्य उच्च शिक्षा परिषद लखनऊ
सख्या 158 /रा०उ०शि०प०/20
दिनाक 15-05-2024

संख्या–656 /सत्तर–1–2024

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार त्यागी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1–निदेशक,
उच्च शिक्षा,
प्रयागराज।

2–अपर सचिव,
उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्
लखनऊ।

3–कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

डॉ० (दिनेश कुमार)
अपर सचिव
उ०प्र० राज्य उच्च शिक्षा परिषद
लखनऊ

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊः दिनांक 14 मई, 2024

विषयः– उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न भर्तियों की लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपर पुलिस महानिदेशक/सदस्य सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ के पत्र संख्या–पीआरपीबीःएसओ–3/2023 दिनांक 30–04–2024 के साथ संलग्न प्रारूप–क की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पत्र में की गयी अपेक्षानुसार विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय से सम्बद्ध शिक्षण संस्थान द्वारा उपयोग किये जा रहे ऑफलाइन परीक्षा केन्द्रों की सूची व उनकी क्षमता का विवरण संलग्न प्रारूप–क में साफ्ट (Ms-Excel) एवं हार्ड कापी में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ई–मेल sampark@uppbpb.gov.in पर तत्काल उपलब्ध करने का कष्ट करें।

**संलग्नक यथोक्त**

भवदीय

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव

संख्या (1)/सत्तर–1–2024 तद्दिनांक

प्रतिलिपि अपर पुलिस महानिदेशक/सदस्य सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ को कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालयों की सूची इस आशय से प्रेषित कि कृपया निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज एवं समस्त कुलसचिवों से सम्पर्क स्थापित कर अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नक यथोक्त**

आज्ञा से,

(एस0पी0 मिश्र)
उप सचिव

संख्या 6114 /VIPPSHED/2023

आवश्यक / महत्वपूर्ण


उत्तर प्रदेश सरकार

**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**

तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, 19-सी, विधानसभा मार्ग,

लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001

दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806

Web-www.uppbpb.gov.in


प्रमुख सचिव कार्यालय में प्राप्त दिनांक 1/5/24

संख्याःपीआरपीबीःएसओ–3 / 2023

दिनांकः अप्रैल, 30 ,2024

656 /

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उ0प्र0शासन, लखनऊ।

विषय– उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न भर्तियों की ऑफलाइन लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण विषयक।

महोदय,

कृपया उत्तर प्रदेश के विभिन्न आयोगों/चयन बोर्ड की चयन प्रकिया को त्वरित ढंग से कराने, पारदर्शी तरीके एवं समयशील बनाये जाने विषयक अपर मुख्य सचिव, कार्मिक अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्याः 15/24/2018–का–4–2018 दिनांक 20.11.2018 एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के समुचित प्रबन्ध विषयक शासनादेश संख्या–90/आयोग/47– का–4–2023 दिनांक 24.05.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– प्रश्नगत प्रकरण में अवगत कराना है कि उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा पुलिस एवं अन्य विभागों के विभिन्न रिक्त पदों हेतु ऑफलाइन एवं ऑनलाइन लिखित परीक्षाएं आयोजित करायी जाती है, जिसके लिये निर्धारित मानक को पूर्ण करने वाले परीक्षा केन्द्रो की सूचना की आवश्यकता है, ताकि आवश्यकतानुसार उस सूची मे से परीक्षा केन्द्रो का चयन कर उनसे सहमति लेकर परीक्षायें करायी जा सके।

3– अतः उक्त के दृष्टिगत अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद (विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय से सम्बद्ध शिक्षण संस्थान) द्वारा उपयोग किये जा रहे ऑफलाइन परीक्षा केन्द्रों की सूची व उनकी क्षमता का विवरण संलग्न प्रारूप–क मे साफ्ट (Ms. Excel) एवं हार्ड कापी में बोर्ड की ई–मेल sampark@uppbpb.gov.in पर उपलब्ध कराये जाने हेतु सर्व सम्बन्धित को अपने स्तर से निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें।

संलग्नकःयथोपरि।

30/4/24
(मुथा अशोक जैन)
अपर पुलिस महानिदेशक/सदस्य सचिव,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ ।

1340/VS(T)/24
DS(SPM)/SO-1

वि0स0(GKT)/SO-1

02-05-24
(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

2/5/2024
(आर0 पी0 चौधरी)
निजी सचिव,
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

श्री त्रिपाठी
03/05/2024

प्रारूप – क

# उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ

Offline भर्ती परीक्षा:-

परीक्षा तिथि:-

जनपद:-

प्रति पाली कुल अभ्यर्थियों की क्षमता (सीटों की संख्या)-

| क्र0 सं0 | विश्वविद्यालय/ परीक्षा केन्द्र का नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) | विश्वविद्यालय/ परीक्षा केन्द्र का पता (स्पष्ट पूर्ण पता पिनकोड सहित) | शासकीय/ शासकीय सहायता प्राप्त/निजी संस्था | परीक्षा केन्द्र का ग्रेड (A,B, C,D) | परीक्षा नियन्त्रक का नाम व मो.नं. व ईमेल आई.डी. | कुल कक्षों की संख्या | परीक्षा केन्द्र पर कुल अभ्यर्थियों के बैठनें की क्षमता (सीटों की संख्या) | क्या परीक्षा संचालन के लिए स्टाफ आदि पर्याप्त है ? (हाँ/नहीं) | परीक्षा केन्द्र बाउंड्रीवाल से घिरा, सुरक्षित एवं बंद करने वाला गेट लगा है (हाँ/नहीं) | परीक्षा केन्द्र में सभी परीक्षा कक्षों में विद्युत व्यवस्था एवं वैकल्पिक व्यवस्था जनरेटर/ UPS (हाँ/नहीं) | परीक्षा केन्द्र में सभी परीक्षा कक्षों में पर्याप्त फर्नीचर, प्रकाश व पंखे की समुचित व्यवस्था है (हाँ/नहीं) | परीक्षा केन्द्र पर आने जाने हेतु चौड़ी सड़क (हाँ/नहीं) | परीक्षा केन्द्र में पीने के पानी तथा पुरूष व महिला अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग शौचालय की समुचित व्यवस्था (हाँ/नहीं) | परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी के बैग मो0 आदि रखने की समुचित व्यवस्था है (हाँ/नहीं) | परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश करते समय पुरूष/महिला अभ्यर्थियों की तलाशी हेतु पृथक व्यवस्था (हाँ/नहीं) | परीक्षा केन्द्र की दूरी बस स्टैंड से | परीक्षा केन्द्र की दूरी रेलवे स्टेशन से | परीक्षा केन्द्र की दूरी जनपद कोषागार से | परीक्षा केन्द्र पर सभी कक्षों में सीसीटीवी लगे हैं या नहीं (हाँ/नहीं) | परीक्षा केन्द्र पर प्रश्नपत्र रखने हेतु सीसीटीवी कैमरे युक्त एक अलग कक्ष (हाँ/नहीं) | क्या पूर्व में उ0प्र0 पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा परीक्षा आयोजित हुई है (हाँ/नहीं) | परीक्षा केन्द्र पर पूर्व में परीक्षा आयोजित करने के संबंध में Debar किये जाने अथवा अन्य कोई प्रतिकूल तथ्य तो नहीं है (हाँ/नहीं) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |